14.05.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

देवास - पटाखा फैक्ट्री विस्फोट

देवास जिले के टोंककला गांव की पटाखा फैक्ट्री में आज भीषण विस्फोट हुआ और आग लग गई। हादसे में दो मजदूरों की मौत हुई है और दर्जन से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता और घायलों को निःशुल्क इलाज देने की घोषणा की है। संभागायुक्त और कलेक्टर मौके पर हैं और बचाव कार्य जारी है।

मोदी- UAE राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच पिछले एक साल से उच्च स्तरीय संबंध तेजी से मजबूत हो रहे हैं। इस साल जनवरी में शेख मोहम्मद भारत आए थे, यह एक दशक में उनकी पांचवीं भारत यात्रा थी। तब दोनों नेताओं ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह यात्रा दोनों देशों की दोस्ती को और नए स्तर पर ले जाने की कोशिश है।

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों बैठक

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में शुरू हो गई है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में श्री जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था की नींव हैं और हाल के संघर्षों ने कूटनीति की अहमियत को और साबित किया है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने पर भी जोर दिया।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मंत्रालय में समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सभी मंत्री वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। पेयजल व्यवस्था, धार्मिक पर्यटन, नए एयरपोर्ट और अग्निवीर आरक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ग्रामीण इलाकों में जमीन की मुफ्त रजिस्ट्री और आईटीआई को रोजगार से जोड़ने पर भी बात होगी। सरकार देखेगी कि योजनाएं जमीन पर कितनी उतरी हैं।

सिंधिया सिक्किम दौरे

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा के साथ मिलकर मिजोरम जिंजर मिशन की शुरुआत की। करीब 190 करोड़ रुपये की यह योजना, अदरक की खेती और उसकी वैल्यू चेन विकास के लिए शुरू की गई है। इस मिशन में कृषि, ग्रामीण विकास और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों के साथ-साथ NABARD, ICAR और APEDA भी मिलकर काम करेंगे।

मोहन यादव -केंद्रीय मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। बैठक में प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर खास जोर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को विमानन क्षेत्र में नेशनल मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य भी साझा किया गया।

एमपी बोर्ड परीक्षा तारीखें

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की कुछ परीक्षाओं की तारीखें बदल दी हैं। यह बदलाव CUET यूजी-2026 की परीक्षाओं को देखते हुए किया गया है। 14 मई को होने वाली कृषि, गृह विज्ञान और अकाउंटेंसी की परीक्षाएं अब 19 मई को होंगी। वहीं 21 मई को होने वाली गणित और मनोविज्ञान की परीक्षाएं 26 मई को ली जाएंगी।

OBC आरक्षण हाईकोर्ट में सुनवाई

प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में फाइनल सुनवाई जारी है। कल चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने आरक्षण बढ़ाने का विरोध कर रहे पक्ष की दलीलें सुनी थीं. आज दोपहर 3 बजे अगली सुनवाई होगी।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने कहर जारी है। कल खजुराहो में पारा 45.4 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं रतलाम में 45.2 और धार में 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। उज्जैन, इंदौर और भोपाल में भी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने इंदौर और उज्जैन में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 17 मई तक राहत के कोई आसार नहीं हैं।

संक्षिप्त समाचार

- झाबुआ ज़िले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उन्नत तकनीक अपनाने वाले किसानों से उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं।
- अशोकनगर जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 10 जेंडर मॉड्यूल्स पर प्रशिक्षण दिया गया।
- सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य में किसानों की सुविधा के लिए 78 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं ।
- नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में आज “युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार मेला” का आयोजन किया जा रहा है।
- रायसेन ज़िले में आज 'सम्पर्क अभियान' के तहत बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।
- आगरमालवा जिले में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी